>

Title: Need to give arrears to sugarcane farmers in Badaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. संघमित्रा मौर्या (बदायूं) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र बदायूं की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं । हमारे क्षेत्र में गन्ना का उत्पादन बहुत अधिक होता है ।

13.00 hrs

यहां शुगर मिल के अभाव के कारण उत्पादन अच्छा होने के बावजूद किसान भाइयों को मेहनताना नहीं मिल पाता है । यहां क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान महापंचायत में किसानों ने एक स्वर में कहा कि इस बार वे निजी शुगर मिलों को अपना गन्ना नहीं बेचेंगे क्योंकि निजी शुगर मिल गन्ना तो ले लेती हैं, लेकिन भुगतान नहीं कर पाती हैं । उन्होंने कहा कि इस बार चाहे गन्ना खेत में ही सड़ जाए लेकिन निजी शुगर मिलों को नहीं देंगे ।

मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहती हूं कि हमारे क्षेत्र के किसान भाइयों के पूर्व भुगतान का निस्तारण कराया जाए व पास के सरकारी शुगर मिल पर केंद्र बनाया जाए ताकि अन्नदाता खुशहाल हो सकें ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य आपस में बात न करें । सदस्यों की लंबी बातचीत के लिए सदन के बाहर सैंट्रल हॉल और गैलरी है । मैं पुन: आग्रह करता हूं ।

…(व्यवधान)